वीयू– पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह के तहत नरसिंहगढ़, दमोह में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन संपन्न




दमोह, 22 मार्च – नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (NDVSU), जबलपुर के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर द्वारा, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला दमोह द्वारा आयोजित, जिला स्तरीय पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता शिविर में सक्रिय सहभागिता की गई। इस शिविर में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जबलपुर पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. आर.के. शर्मा, प्रोफेसरों की एक टीम, पी.एच.डी. और स्नातकोत्तर छात्र भी मौजूद रहे। इस शिविर में विशेषज्ञों ने पशुपालकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिनमें भ्रूण प्रत्यारोपण (Embryo Transfer), कृत्रिम गर्भाधान (Artificial Insemination) एवं अन्य पशु प्रजनन संबंधी तकनीकें शामिल थीं। इसके अलावा, मुंहपका–खुरपका (FMD), ब्रूसेलोसिस, गलघोंटू, खुरहा–चपका रोग एवं त्वचा रोगों जैसी बीमारियों से बचाव और उपचार की जानकारी दी गई। शिविर में पशुओं की जांच कर निःशुल्क उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञों ने गर्भवती गायों व भैंसों की जाँच, कृमिनाशक उपचार, टीकाकरण एवं पोषण संबंधी सलाह भी दी। पशुपालन मंत्री श्री लखन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि पशुपालन किसानों की आय बढ़ाने का एक प्रमुख साधन है और सरकार इस क्षेत्र के विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने पशुपालकों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने और पशुओं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की।



शिविर में डीन डॉ. आर. के. शर्मा ने बताया कि NDVSU जबलपुर द्वारा विभिन्न जिलों में ऐसे जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को सही जानकारी और चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

इस आयोजन में बड़ी संख्या में पशुपालक, ग्रामीण किसान एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी कलेक्टर श्रीमान सुधीर कोचर जी और विश्वविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. देवेंद्र गुप्ता, डॉ. के. श्रमण, डॉ. आनंद कुमार जैन, डॉ. सुमन कुमार, डॉ. हरि  आर, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. अनिल शिंदे उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर